Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 01-12-2005

Participants : Chandel Shri Suresh

>

Title : Need to improve the deteriorating condition of Pinjore-Swarghat National Highway.

श्री सुरेश चन्देल (हमीरपुर, हि.प्र.) : अध्यक्ष महोदय, मैं सड़क परिवहन मंत्रालय का ध्यान हिमाचल प्रदेश के नेशनल हाइवेज की तरफ आकृट करना चाहता हूं। सभी जानते हैं कि हिमाचल प्रदेश में रेलों की पटरियों का निर्माण आजादी के बाद बहुत ही कम हुआ है और इस कारण भी जो आवागमन है, वह सड़कों पर ज्यादा निर्भर है। सन् 2000 में सरकार ने चार नेशनल हाइवेज बनाने की घोाणा की थी। उसमें से एक-दो नेशनल हाइवेज की स्थिति तो इतनी दयनीय है कि उनको देखने से तरस आता है। एक नेशनल हाइवेज पिंजौर से स्वारघाट तक जो घोाित हुआ था, उसकी दशा का मैं वर्णन करना चाहूंगा कि उसके रास्ते में बद्दी एक ऐसा स्थान है जो एक औद्योगिक क्षेत्र के रूप में बहुत तेजी से विकसित हो रहा है, पूरे देश के प्रमुख उद्योग वहां पर आये हैं लेकिन उस सड़क की हालत इतनी खराब है कि उसमें गड्ढ़े पड़े हुए हैं और उसकी दशा पिछले तीन-चार साल से तो बहुत ही खराब है। इसलिए मेरा मंत्रालय से निवेदन है कि नेशनल हाइवेज होने के साथ-साथ उसके लिए अतिरिक्त पैसे का प्रावधान किया जाए और उस औद्योगिक क्षेत्र के महत्व को देखते हुए, उस सड़क का महत्व देखते हुए उसकी तरफ विशेा ध्यान दिया जाए अन्यथा लोग वहां से डाइवर्ट करना प्रारम्भ कर रहे हैं। यद्यपि लोग वहां से जाना पसन्द नहीं कर रहे हैं और कई उद्योग भी जाने की स्थिति में है। इसलिए इस सड़क का महत्व देखते हुए, इसके लिए अतिरिक्त पैसे का प्रावधान किया जाए ताकि उस सड़क का ठीक ढंग से निर्माण राट्रीय उच्च मार्ग की दृटि से हो सके।